Subject:	Hindi Language and Literature / हिंदी भाषा और साहित्य
Set Name:	V1_Set01
Code:	102
Exam Date:	17-04-2026
SLOT:	1

Question ID	11669
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से कहलवा दिया। बन पड़ा तो सीधे-सीधे, नहीं तो दरेरा देकर। भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो ऐसी हिम्मत ही नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ की किसी फरमाइश को नहीं कर सके, और अकह कहानी को रुप देकर मनोग्राही बना देने की तो जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पाई जाती है। कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया था। समाज में फैले बाह्याडम्बर, भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का उन्होंने पुष्ट प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। कबीर वास्तव में जनभाषा के कवि थे।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कबीर के सामने कोई नहीं टिक पाता था, क्योंकि- 1. कबीर उच्च शिक्षा प्राप्त विद्वान और बहुश्रुत थे। 2. कबीर शास्त्रार्थ में अत्यन्त प्रवीण थे। 3. कबीर का व्यक्तित्व बहुत ऊँचा था। 4. कबीर का सामाजिक निरीक्षण तथ्यात्मक था।
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11671
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से कहलवा दिया। बन पड़ा तो सीधे-सीधे, नहीं तो दरेरा देकर। भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो ऐसी हिम्मत ही नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ की किसी फरमाइश को नहीं कर सके, और अकह कहानी को रुप देकर मनोग्राही बना देने की तो जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पाई जाती है। कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया था। समाज में फैले बाह्याडम्बर, भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का उन्होंने पुष्ट प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। कबीर वास्तव में जनभाषा के कवि थे।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कबीर ने किसका विरोध किया? 1. साम्प्रदायिकता का 2. धर्म का 3. मुस्लिमों का 4. ईश्वर का
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11673
Question Type	MCQ
	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से कहलवा दिया। बन पड़ा तो सीधे-सीधे, नहीं तो दरेरा देकर। भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो ऐसी हिम्मत ही नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ की किसी फरमाइश को नहीं

Passage	कर सके, और अकह कहानी को रुप देकर मनोग्राही बना देने की तो जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पाई जाती है। कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया था। समाज में फैले बाह्याडम्बर, भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का उन्होंने पुष्ट प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। कबीर वास्तव में जनभाषा के कवि थे।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कबीर की भाषा में कैसी ताकत थी? 1. असत्य को सत्य सिद्ध करने वाली 2. अकह कहानी को मनोग्राही बनाने वाली 3. दुरुह दर्शन को स्पष्ट करने वाली 4. सहज को असहज बनाने वाली
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11675
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से कहलवा दिया। बन पड़ा तो सीधे-सीधे, नहीं तो दरेरा देकर। भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो ऐसी हिम्मत ही नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ की किसी फरमाइश को नहीं कर सके, और अकह कहानी को रुप देकर मनोग्राही बना देने की तो जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पाई जाती है। कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया था। समाज में फैले बाह्याडम्बर, भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का उन्होंने पुष्ट प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। कबीर वास्तव में जनभाषा के कवि थे।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कबीर के संबंध में क्या सत्य नहीं है? 1. समाज का समीप से निरीक्षण किया। 2. सांप्रदायिकता का दृढ़ विरोध किया। 3. परंपरा को महिमा-मंडित किया। 4. अकाट्य तर्कों के साथ विचार रखे।
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11680
Question Type	MCQ

Question

सूची-I का **सूची-II** से मिलान करें-

सूची-I छन्द		**सूची-II मात्राएँ**	
A.	चौपाई	I.	26
B.	रोला	II.	24
C.	गीतिका	III.	16
D.	हरिगीतिका	IV.	28

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें।

1. A-III, B-II, C-I, D-IV
2. A-I, B-II, C-III, D-IV
3. A-II, B-III, C-IV, D-I
4. A-III, B-II, C-IV, D-I

Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11686
Question Type	MCQ
Question	'फूले कास सकल महि छाई जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई।।' इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? 1. श्लेष अलंकार 2. उपमा अलंकार 3. उत्प्रेक्षा अलंकार 4. अतिशयोक्ति अलंकार
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11688
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है? 1. स्वदेश 2. सूचना 3. धन 4. बहुमत
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11689
Question Type	MCQ
Question	**करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण** कारकों के उदाहरणों को इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए- A. वह भूखों को भोजन देता है। B. मोहन गाँव से आता है। C. सभा में सभी उपस्थित थे। D. कसरत से शरीर पुष्ट होता है। नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें। 1. B, C, D, A 2. A, C, B, D 3. D, B, A, C 4. D, A, B, C
Options	
A	1
B	2
C	3

D	4

Question ID	11690
Question Type	MCQ
Question	हिन्दी साहित्य के निम्नलिखित कालों का सही आरोही क्रम होगा? A. द्विवेदी युग B. भारतेन्दु युग C. प्रगतिवाद D. छायावाद E. प्रयोगवाद नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें। 1. B, A, C, D, E 2. C, D, A, B, E 3. A, B, C, D, E 4. B, A, D, C, E
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11691
Question Type	MCQ
Question	**सूची-I** का **सूची-II** से मिलान करें -

सूची-I शब्द		सूची-II विलोम	
A.	ग्राह्य	I.	ध्वंस
B.	चिन्मय	II.	त्याज्य
C.	निर्माण	III.	बदी
D.	नेकी	IV.	जड़

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें।

1. A-I, B-III, C-IV, D-II
2. A-II, B-III, C-I, D-IV
3. A-II, B-IV, C-I, D-III
4. A-I, B-II, C-III, D-IV

Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11692
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से कौन अव्ययीभाव समास का उदाहरण है? A. रसभरा B. प्रत्यक्ष C. निर्भय D. मदमाता नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें। 1. केवल A और B 2. केवल A और C

	3. केवल B और C 4. केवल C और D
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11693
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से 'विसर्ग सन्धि' का उदाहरण है- 1. पद्धति 2. वाङ्मय 3. तेजोमय 4. एकांकी
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11694
Question Type	MCQ
Question	कौन-सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है? 1. तुरंग 2. हय 3. मतंग 4. बाजि
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11695
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से कौन वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है? 1. उपर्युक्त 2. तिरस्कार 3. नीरस 4. निरोग
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11697
Question Type	MCQ
Question	'जो सब कुछ जानता है।' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा- 1. अज्ञ 2. बहुज्ञ 3. सर्वज्ञ

	4. अल्पज्ञ
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11699
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित शब्दों को **तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी** शब्दों के क्रम में लगाइए- A. थैला B. आलमारी C. अनाज D. प्रकाश नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें। 1. A, C, B, D 2. D, C, A, B 3. B, C, A, D 4. D, A, C, B
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11700
Question Type	MCQ
Question	किस शब्द शक्ति को 'साक्षातसंकेतित' कहते हैं? 1. अभिधा को 2. लक्षणा को 3. व्यंजना को 4. लक्षणामूला को
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11701
Question Type	MCQ
Question	'प्रिय पति वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ? दुःख जलनिधि - डूबी का सहारा कहाँ?' इन पंक्तियों में कौन सा स्थायी भाव है? 1. विस्मय 2. रति 3. शोक 4. क्रोध
Options	
A	1
B	2
C	3

D 4

Question ID 11703

Question Type MCQ

Question

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

A. चौपाई एक सम मात्रिक छंद है।
B. सोरठा दोहे का उल्टा होता है।
C. रोला दोहे का उल्टा नहीं होता है।
D. कवित्त वर्णिक छन्द है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें।

1. केवल A, B और C
2. केवल A, B और D
3. केवल A, C और D
4. केवल B, C और D

Options

A 1

B 2

C 3

D 4

Question ID 11705

Question Type MCQ

Question

सूची-I का **सूची-II** से मिलान करें-

	सूची-I (मुहावरे)		सूची-II (अर्थ)
A.	कान उमेठना	I.	चेला बनाना
B.	कान देना	II.	निन्दा करना
C.	कान भरना	III.	ध्यान देना
D.	कान फूँकना	IV.	सजा देना

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें।

1. A-II, B-I, C-IV, D-III
2. A-II, B-III, C-I, D-IV
3. A-IV, B-II, C-III, D-I
4. A-IV, B-III, C-II, D-I

Options

A 1

B 2

C 3

D 4

Question ID 11707

Question Type MCQ

Question

निम्नलिखित में से कौन 'व्यंजन संधि' के उदाहरण हैं?

A. नयन
B. दिग्गज
C. अहंकार
D. महेश

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें।

1. केवल B और C
2. केवल A और B

	3. केवल C और D 4. केवल A और D
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11708
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से कौन 'भर' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है? 1. भरसक 2. भरत 3. भरपेट 4. भरदिन
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	11710
Question Type	MCQ
Question	कौन-सा शब्द 'आइन' प्रत्यय से नहीं बना है? 1. अजवाइन 2. पंडिताइन 3. ओझाइन 4. मिसिराइन
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4